Title : Need to expedite work regarding laying of CNG pipeline in Bareilley, Uttar Pradesh.

श्री संतोष गंगवार (बरेली) : माननीय सभापति जी, केन्द्रीय सरकार के पैट्रोलियम मंत्रालय द्वारा कुछ जनपदों और महानगरों में स्वच्छ और सस्ता ईंधन दिलाने के लिए सीएनजी गैस की पाइपलाइन उपलब्ध कराने का फैसला लिया गया था। उत्तर प्रदेश के जो स्थान इसमें निश्चित थे, उनमें मेरा निर्वाचन क्षेत्र बरेली जनपद भी था, क्योंकि एचबीजे पाइपलाइन उस क्षेत्र से जाती है। दो वर्ष पूर्व इसका कार्य प्रारंभ हो गया था और आधा कार्य हो चुका है पर विगत डेढ़ वर्ष से यह कार्य रुका हुआ है। उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास हो सके, सस्ता ईंधन मिल सके और सीएनजी की आपूर्ति हो सके, इसके लिए सब व्यवस्था बरेली में उपलब्ध है, पर पाइपलाइन पूरी न होने के कारण यह कार्य नहीं हो पा रहा है। मेरा आपके माध्यम से पैट्रोलियम मंत्रालय से आग्रह है कि इस ओर ध्यान दें और अतिशीघ्र इस पाइपलाइन को पूरा कर दें जिससे सीएनजी गैस बरेली जनपद के निवासियों को मिल सके।